**गाइड (मार्गदर्शिका)**

# एनडीआईएस प्रतिभागियों के लिए प्री-प्लानिंग गाइड (योजना-पूर्व मार्गदर्शिका)

यह प्री-प्लानिंग गाइड आपको अपनी व्यक्तिगत आपातकालीन योजना बनाने के लिए तैयार होने में मदद करने हेतु डिज़ाइन की गई है।

इस जानकारी के ईज़ी रीड (पढ़ने में आसान) संस्करण के लिए, काउंसिल फॉर इंटेलेक्चुअल डिसएबिलिटी एनएसडब्ल्यू की इस गाइड को देखें: *माई सेफ्टी प्लान (मेरी सुरक्षा योजना)* ।

## आइए शुरूआत करते हैं

पहली बात जो आपको सोचने की ज़रूरत है वह यह है कि क्या आपके पास पहले से ही एक आपातकालीन योजना है। यदि है, तो क्या यह वर्तमान (चालू) है या क्या इसे अपडेट करने की आवश्यकता है?

अगर इसे अपडेट करने की आवश्यकता है, तो आप इसमें मदद करने के लिए किसे कहेंगे?

## यह जानें कि कौन से लोग और सेवाएं मदद कर सकती हैं

आपको अपने दम पर योजना बनाने और तैयारी करने की ज़रूरत नहीं है। आपका एनडीआईएस प्रदाता, परिवार और मित्र, या स्थानीय सामुदायिक संगठन आपकी मदद कर सकते हैं।

यह उन लोगों के साथ काम करने के बारे में है जिन पर आप भरोसा करते/ती हैं।

यदि आप विकलांगता विशेष (स्पेशलिस्ट डिसेबिल्टी) आवास में रहते/ती हैं, तो आपके एनडीआईएस प्रदाता को आपकी योजना को तैयार या अपडेट करने में आपकी सहायता करनी चाहिए।

सामुदायिक संगठनों के कुछ उदाहरण जो मदद करने में सक्षम हो सकते हैं, इस प्रकार हैं:

- स्थानीय परिषद
- विकलांगता पक्षसमर्थन समूह (डिसेबिलिटी एडवोकेसी ग्रुप)
- स्थानीय बहुसांस्कृतिक केंद्र
- स्थानीय नेबरहुड (आस-पड़ोस) केंद्र

## मौजूदा दस्तावेज़ों का पता लगाएं

नियोजन प्रक्रिया प्रारंभ करने से पहले, सुनिश्चित करें कि आप अपने पास मौजूद किसी अन्य योजनाओं या दस्तावेज़ों का पता लगा लेते/ती हैं, जो इस प्रक्रिया के दौरान उपयोगी हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, व्यक्ति केंद्रित योजना (पर्सन सेंटर्ड प्लान), स्वास्थ्य या सहायता योजनाएँ, या व्यक्तिगत आपातकालीन निकासी योजना।

## अपने लिए सही आपातकालीन योजना टेम्पलेट कैसे चुनें

चाहे आपकी योजना को अपडेट करने की आवश्यकता हो या यदि आप कोई नई योजना प्रारंभ कर रहे/ही हों, तो ऐसे कई अलग-अलग आपातकालीन योजना टेम्पलेट्स होते हैं जिन्हें आप चुन सकते/ती हैं।

यदि आप संपूर्ण आपातकालीन योजना प्रक्रिया चाह रहे/ही हैं, तो व्यक्ति-केंद्रित आपातकालीन तैयारी टूलकिट आपके लिए सही हो सकती है।

अक्सर **P-CEP** कही जाने वाली, यह टूलकिट आपात स्थितियों और आपदाओं के लिए तैयारी करने हेतु विकलांग लोगों के लिए एक व्यापक संसाधन पैकेज होती है। इसमें एक व्यावहारिक वार्तालाप मार्गदर्शिका और नियोजन उपकरण शामिल है जो आपको एक ऐसी आपातकालीन योजना बनाने में मदद करेगा जो आपकी व्यक्तिगत सहायता आवश्यकताओं के लिए विशिष्ट हो।

Collaborating 4 Inclusion वेबसाइट पर संसाधनों की जाँच करें: P-CEP टूलकिट।

अन्य ऑस्ट्रेलियाई-निर्मित ऑनलाइन और प्रिंट करने योग्य टेम्पलेट्स उपलब्ध हैं।

अपने लिए सबसे अच्छा टेम्पलेट तय करने में आपकी मदद करने हेतु, हमने एक तालिका बनाई है जो आपको कुछ ऐसी विशिष्टताएँ दिखाती है जो आपको उपयोगी लग सकती हैं। तालिका आपको दिखाती है कि कौन से टेम्पलेट्स का एक ऐप संस्करण है, कौन से ऑनलाइन भरे जाने योग्य हैं, प्रिंट करने योग्य हैं, किन में एक ईज़ी रीड (पढ़ने में आसान) विकल्प है या कौन से विशेष रूप से विकलांग लोगों के लिए हैं।

प्रत्येक टेम्पलेट की विशिष्टताओं के बारे में और अधिक विस्तृत जानकारी तालिका के नीचे दी गई है।

| | **ऐप संस्करण** | **ऑनलाइन भरे जाने योग्य** | **प्रिंट करने योग्य** | **ईज़ी रीड (पढ़ने में आसान)** | **विकलांगता-विशिष्ट** |
|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलियाई रेड क्रॉस **Redi योजना** (8 पृष्ठ) | X | X | X | | |
| ऑस्ट्रेलियाई रेड क्रॉस **Redi योजना ईज़ी रीड** (32 पृष्ठ) | | X | X | X | |
| ऐम्बर (Ember) **मेरी आपातकालीन योजना** (6 पृष्ठ) | X | X | X | | X |

| | ऐप संस्करण | ऑनलाइन भरे जाने योग्य | प्रिंट करने योग्य | ईज़ी रीड (पढ़ने में आसान) | विकलांगता-विशिष्ट |
|---|---|---|---|---|---|
| R4NED **व्यक्तिगत आपातकालीन योजना** (15 पृष्ठ) | | X | X | | X |

उल्लिखित प्रत्येक योजना का संक्षिप्त विवरण और लिंक नीचे दिए गए हैं।

**ऑस्ट्रेलियाई रेड क्रॉस Rediplan:** Rediplan

इस ऑनलाइन टेम्पलेट में सीधे टाइप किया जा सकता है और इसे प्रिंट करके लिखकर भी पूरा किया जा सकता है। हालांकि यह विकलांगता-विशिष्ट नहीं है, इसमें चिकित्सा और विकलांगता अनुभाग शामिल हैं और इसका अनुपालन करना आसान है।

**ऑस्ट्रेलियाई रेड क्रॉस RediPlan (ईज़ी रीड):** RediPlan Easy Read

यह टेम्प्लेट आसान अंग्रेजी में लिखा गया है और इसमें बहुत सारे ग्राफिक्स का उपयोग किया गया है। यह प्रत्येक अनुभाग के लिए स्पष्टीकरण प्रदान करता है। यह 32 पृष्ठ लंबा है और इसे पूरा पढ़ने में कुछ समय लग सकता है।

**ऑस्ट्रेलियाई रेड क्रॉस Get Prepared ऐप:** Get Prepared ऐप

यह RediPlan टेम्पलेट का ऐप संस्करण है।

**एम्बर (फ्लैगस्टाफ) मेरी आपातकालीन योजना:** एम्बर आपातकालीन योजना

इस ऑनलाइन टेम्पलेट में सीधे टाइप किया जा सकता है और इसे प्रिंट करके लिखकर भी पूरा किया जा सकता है। यह सरल और आसान है, इसमें विकलांगता और एनडीआईएस सहायता, दवाओं, चिकित्सा स्थितियों, संचार, शांत रहने और व्यक्तिगत देखभाल पर विशिष्ट अनुभाग हैं।

**एम्बर-ऐप इमरजेंसी ऐप और नॉनवर्बल कम्युनिकेटर ऐप:** एम्बर ऐप

एम्बर की 'मेरी आपातकालीन योजना' के ऐप संस्करण में भरने योग्य फ़ील्ड हैं और यह आपके लिए आपकी योजना को इकट्ठा करता है। ऐप में संचार बोर्ड और श्वास उपकरण (कम्युनिकेशन बोर्ड एंड ब्रीथिंग टूल), और अन्य दस्तावेज़ जिन्हें आप डाउनलोड कर सकते/ती हैं (बैकपैक चेकलिस्ट सहित) को शामिल कर अन्य उपयोगी इंटरैक्टिव टूल भी शामिल हैं।

**R4NED व्यक्तिगत आपातकालीन योजना: R4NED आपातकालीन योजना:** R4NED आपातकालीन प्रबंधन योजना

[योजना बनाएं - R4NED]

इस ऑनलाइन टेम्पलेट में भरने योग्य फ़ील्ड हैं और इसे प्रिंट किया जा सकता है। यह विकलांगता विशिष्ट है और इसमें वह जानकारी शामिल है जो हमें लगता है कि एनडीआईएस प्रतिभागियों के लिए आवश्यक है।

एनडीआईएस गुणवत्ता और सुरक्षा आयोग के अनुदान कार्यक्रम द्वारा वित्त पोषित